**पढ़ेगा नोहर** **बोर्ड परीक्षा नामांक** .................................. **बढ़ेगा नोहर**

कुल छपे पृष्ठ – 1
कुल प्रश्न – 17

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम

# मिशन सरोकार – 2.0 सत्र 2025–2026

**यूनिट टेस्ट – II**

**कक्षा – 12** **विषय – भूगोल** **पूर्णांक – 20**

**नीचे दिए गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। (प्रश्न 1 से 7 तक प्रत्येक प्रश्न $\frac{1}{2}$ अंक)**

1. वानिकी किस प्रकार की आर्थिक गतिविधि है –
   (अ) प्राथमिक क्रियाविधि (ब) द्वितीयक क्रियाविधि (स) तृतीयक क्रियाविधि (द) चतुर्थक क्रियाविधि
2. ट्यूलिप नामक पुष्प की खेती किस देश में की जाती है–
   (अ) डेनमार्क (ब) सोवियत संघ (स) नीदरलैण्ड (द) ब्राजील
3. कच्चे माल को रूपान्तरित करने वाली क्रिया कहलाती है –
   (अ) संसाधन क्रिया (ब) विनिर्माण (स) व्यापार (द) सेवा
4. नीचे दिये गये क्षेत्र व घास के मैदान का सही सुमेलित क्रम है –
   (अ) यूरेशिया 1. डाउन्स
   (ब) न्यूजीलैण्ड 2. कंटबरी
   (स) ऑस्ट्रेलिया 3. स्टेपीज
   (द) उत्तरी अमेरिका 4. प्रेयरीज
   (अ) अ–3 ब –2 स–4 द–1 (ब) अ–3 ब–1 स–2 द–4
   (स) अ–3 ब –2 स–1 द–4 (द) अ–1 ब–2 स–3 द–4
5. वह स्थान जहाँ वस्तुओं को खरीदा व बेचा जाता है,कहलाता है–
   (अ) यातायात केन्द्र (ब) व्यापारिक केन्द्र (स) परिवहन जाल (द) नोड
6. उद्योगों के विकास हेतु सबसे महत्त्वपूर्ण कारक कौन सा है –
   (अ) जलवायु (ब) धार्मिक स्थल (स) सड़क परिवहन (द) कच्चा माल
7. मानव के वे समस्त क्रियाकलाप जिनसे आय प्राप्त होती है कहलाते है –
   (अ) औद्योगिकरण (ब) आर्थिक क्रिया (स) व्यापारिक क्रिया (द) कोई नही

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (प्रश्न संख्या 8 से 9 तक प्रत्येक प्रश्न $\frac{1}{2}$ अंक )**

8. ब्राजील में कॉफी के बागानों को.........................................................कहते है।
9. लौह इस्पात उद्योग को.................................................. उद्योग कहा जाता है।

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न – (प्रश्न संख्या 10 – 11 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक )**

10. प्रमुख तृतीयक क्रियाकलापों के नाम लिखो।
11. विनिर्माण से क्या आशय है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न – (प्रश्न संख्या 12 – 14 तक प्रत्येक प्रश्न $1\frac{1}{2}$ अंक )**

12. प्राथमिक व द्वितीयक गतिविधियों में अन्तर लिखो।
13. अंकीय विभाजन से आप क्या समझते है।
14. चलवासी पशुपालन व वाणिज्यिक पशुपालन में तीन अन्तर बताओ?

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न – (प्रश्न संख्या 15)**

15. भूमध्य सागरीय कृषि की विशेषताएँ लिखिए? 3

अथवा

आदिकालीन निर्वाह कृषि पर टिप्पणी लिखिए?

**निबन्धात्मक प्रश्न – (प्रश्न संख्या 16)**

16. उद्योगो के स्वामित्त्व के आधार पर प्रकार लिखो तथा उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने काले चार कारकों का वर्णन करो ? 4

अथवा

पर्यटन किसे कहते है? पर्यटन आकर्षण के प्रमुख कारक समझाइये?

17. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित क्षेत्रों को अंकित कीजिए?(कोई 4) $4\times\frac{1}{2}=2$

1. योकोहामा 2.स्वेज नहर 3. डरबन 4. इंडोनेशिया
5. फिलीपींस 6. अर्जेन्टाइना 7. मलेशिया 8. शिकागो

MISSION SAROKAR-2.0, CBEO NOHAR